# राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़

तृतीय तल,छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल व्यावसायिक परिसर, (दक्षिण पूर्व कॉर्नर)
सेक्टर–27, अटल नगर, पिन–492015 (छत्तीसगढ)
दूरभाष–0771–2511280, फैक्स–0771–2511285, ई–मेलः office.mdnrhm@gmail.com

क्रमांक / NHM / HR / 2022 / 544 / 1914 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 10/08/2022

## / /दस्तावेज परीक्षण हेतु अभ्यर्थियों के लिए दिशा –निर्देश / /

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़ अंतर्गत प्रदेश के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (संविदा) पद के कुल 800 पदों हेतु छः माह के ब्रिज कोर्स, सर्टिफिकेट कोर्स इन कम्युनिटी हेल्थ फॉर नर्सेस पाठ्यक्रम जुलाई, 2022 बैच के प्रशिक्षण में प्रवेश के लिए लिखित परीक्षा का दिनांक 07.08.2022 को राज्य के पांच संभाग (रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग,बस्तर एवं सरगुजा) में आयोजन किया गया था। **उक्त लिखित परीक्षा उपरांत प्राप्त परिणाम के आधार पर जिलेवार, आरक्षणवार , मेरिटक्रम मे अभ्यर्थियों का दस्तावेज परीक्षण दिनांक 12.08.2022 को राज्य के समस्त जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के कार्यालय में प्रातः 09:00 बजे से आयोजित किया जायेगा। दस्तावेज परीक्षण में उपस्थित होने हेतु अभ्यर्थियों के लिए दिशा –निर्देश निम्नानुसार है–**

- पंजीयन का समय प्रातः 9:00 बजे से 10:00 बजे तक।
- अभ्यर्थी के अनुपस्थिति की दशा में प्रतिनिधि के रूप में अपने संबंधी /रिश्तेदार को दस्तावेज परिक्षण हेतु नामांकित कर सकते हैं। इस हेतु अभ्यर्थी को लिखित आवेदन विभाग को प्रस्तुत करना होगा।
- **पंजीयन उपरांत अभ्यर्थियों के निम्नांकित दस्तावेजों का परीक्षण किया जावेगा –**
  1. ऑनलाईन आवेदन फॉर्म की प्रति ।
  2. 10 वीं एवं 12 की अंकसूची की प्रति ।
  3. स्नातक / डिप्लोमा (बी.एस.सी नर्सिंग / पोस्ट बेसिक बी.एस.सी नर्सिंग / जी.एन.एम.) के समस्त वर्षों के अंकसूची की प्रति ।
  4. छ.ग. नर्सिंग काउंसिल में जीवित पंजीयन का प्रमाण–पत्र की प्रति ।
  5. सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निवास एवं जाति प्रमाण–पत्र की प्रति ।
  6. 3 नग पासपोर्ट साईज फोटो।
  7. पहचान पत्र के रूप में आधार कार्ड, पेन कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस।
  8. अनुबंध हेतु रूपये 50/– का स्टाम्प पेपर।

**नोटः– अभ्यर्थी उपरोक्त दस्तावेजों के स्वप्रमाणित छायाप्रति को उल्लेखित क्रम में व्यवस्थित कर दो सेट में तैयार कर निर्धारित समय व स्थान में दस्तावेज परीक्षण हेतु अपनी उपस्थिति देवें।**

- दस्तावेज परीक्षण उपरांत रिक्त पदों के विरूद्ध विज्ञापन के नियमानुसार मेरिट सूची से प्रोग्राम स्टडी सेंटर हेतु अभ्यर्थियों को चयनित किया जाएगा तथा शेष अभ्यर्थी प्रतीक्षा सूची में रहेंगे नियमानुसार किसी अभ्यर्थी के दस्तावेज परीक्षण में अपात्र पाये जाने की स्थिति में प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों को प्रोग्राम स्टडी सेंटर हेतु नियमानुसार चयनित किया जाएगा।

- चयनित अभ्यर्थियों द्वारा दस्तावेज परीक्षण पर ही 03 वर्ष की सेवा शासकीय संस्थानों में दिए जाने हेतु अनुबंध निष्पादित किया जाना अनिवार्य होगा। अनुबंध हेतु प्रपत्र संलग्न की जा रही है।
- दस्तावेज परीक्षण उपरांत पात्र पाये गए अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण केन्द्र/प्रोग्राम स्टडी सेन्टर का आबंटन राज्य स्तर से किया जावेगा। जिसकी सूची विभागीय वेबसाइट पर पृथक से अपलोड की जायेगी।
- किसी भी विवाद की स्थिति में समस्त जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।
- **विज्ञापन अनुसार आवेदक से ऑनलाईन आवेदन भरते समय किसी भी प्रकार के दस्तावेज वर्तमान समय में अपलोड नही कराया गया था। अतः दस्तावेज परीक्षण की प्रक्रिया के समय आवेदक के समस्त दस्तावेजों का सूक्ष्मता से परीक्षण किया जायेगा एवं "ऑनलाईन भरे गये आवेदन में तथा दस्तावेंजों के परीक्षण में किसी भी प्रकार की त्रुटि पाये जाने की अवस्था में अभ्यर्थी का आवेदन निरस्त किया जाएगा। जिसके लिए उम्मीदवार व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगें ।**
- **दस्तावेज परीक्षण के दौरान अभ्यर्थी को कोविड –19 के समस्त नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा।**

Pamkly
**संयुक्त संचालक** 10/08/2022
**राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन**
**छत्तीसगढ़**